# प्रेस विज्ञप्ति

नालंदा अभियंत्रण महाविद्यालय चंडी में 18 फरवरी 2023 को सर सी ० वी० रमन टैलेंट सर्च टेस्ट इन साइंस - 2023 का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० भगवान श्री राम के मार्गदर्शन में किया जायेगा। यह प्रतियोगी परीक्षा बिहार कौंसिल ऑन साइंस एंड टेक्नोलॉजी के तत्वाधान में तीन शिफ्ट क्रमशः 10:00-11:00 पूर्वा०, 12:00-1:00 अप० एवं 2:00 -3:00 अप० में आयोजित की जाएगी जिसमे क्रमशः कक्षा 7, 8 एवं 9 के छात्र-छात्रा भाग लेंगे। इस परीक्षा में कुल 25 प्रश्न पूछे जायेंगे जिसका पूर्णांक 100 होंगे तथा प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक चौथाई अंक काटे जायेंग। इस परीक्षा के जिलावार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र - छात्राओं को दिनांक 28-02-2023 को पटना में आयोजित राज्य स्तर के राष्ट्रीय विज्ञानं दिवश समारोह में सम्मानित किया जायेगा। प्रतियोगी परीक्षा में जिला स्तर पर चतुर्थ से लेकर दशम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र - छात्राओं को रु० 1000/- मात्र प्रोत्साहन राशि के साथ मैडल एवं प्रशस्ति पत्र के साथ 28-02-2023 को नालंदा अभियंत्रण महाविद्यालय में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय विज्ञान दिवस में सम्मानित किया जायेगा। इस कार्यक्रम का संयोजन मानविकी और अनुप्रयुक्त विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो० (डॉ०) आशीष कुमार तथा इसका आयोजन डॉ० कुमारी ममता, श्री आशीष कुमार केसरवानी, श्री मो शाहिर मल्लिक, डॉ० सुषमा कुमारी, डॉ० धीरेन्द्र कुमार, श्रीमती प्रियंका सिन्हा एवं डॉ० अमित नामदेव करेंगे।

16/2/23

प्रो० (डॉ०) आशीष कुमार
विभागाध्यक्ष, मानविकी और अनुप्रयुक्त विज्ञान
नालंदा अभियंत्रण महाविद्यालय चंडी

17.2.23

डॉ० भगवान श्री राम
प्राचार्य
नालंदा अभियंत्रण महाविद्यालय चंडी